एनसीसी कैडेट एवं एनएसएस स्वयंसेवकों ने स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया

आज दिनांक 1 अक्टूबर, 2023 को जनता कॉलेज , बकेवर, इटावा में एनसीसी कैडेट एवं एनएसएस स्वयंसेवकों के द्वारा स्वच्छता ही सेवा है अभियान के अंतर्गत (1तारीख - 1 घंटा) स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस दौरान एनसीसी कैडेट्स एवं एनएसएस स्वयंसेवकों के साथ क्षेत्र की पूर्व विधायक श्रीमती सावित्री कठेरिया ,श्री गोपाल मोहन शर्मा एवं अन्यादि जनसेवकों ने सहभागिता की । इसके साथ ही श्रीमती कठेरिया ने एनसीसी कैडेट्स एवं एनएसएस स्वयंसेवकों को साफ सफाई से होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से बताया और छात्रों को अपने घर -अपने समाज एवं आसपास के सभी लोगों को साफ सफाई करने के लिए प्रोत्साहित करने का आवाहन किया । उन्होंने बताया कि जब हमारे आसपास का वातावरण साफ एवं स्वच्छ होगा तो हमारा मन और मस्तिष्क अपनी पूरी क्षमता से काम करेगा। इससे हमारे देश का विकास होगा । कार्यक्रम का प्रारंभ सुबह 10:00 बजे एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट ब्रह्मानंद के निर्देशन में किया गया। जो की 12:00 तक संचालित हुआ । आज के इस कार्यक्रम में संपूर्ण कॉलेज परिसर में एनसीसी कैडेट्स एवं एनएसएस स्वयंसेवक ने साफ सफाई का कार्य किया । कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ डीएन सिंह कार्यालय अधीक्षक शिवमोहन अग्निहोत्री,मनोज दीक्षित, ऋषि राज, रितेश, रुस्तम, अरविंद मिश्रा,एनसीसी सीनियर अंडर ऑफिसर आकाश कुमार, सीनियर ऑफिसर अमित शुक्ला, पलक तोमर आदि उपस्थित रहे|

स्वयं सेवकों ने स्वच्छता अभियान चलाया

बकेवर। जनता कॉलेज में एनसीसी कैडेट एवं एनएसएस स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान चलाया। एनसीसी कैडेट्स एवं एनएसएस स्वयंसेवकों ने लेफ्टीनेंट ब्रह्मानंद शर्मा, पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष, गोपाल मोहन शर्मा ने सहभागिता की। कम्पोजिट विद्यालय कुड़रिया के बच्चों व प्रधानाचार्या शारदा प्रधान, सहायक मीरा दुबे, सिमरन, पूजा सिंह शिक्षामित्र सोनी के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चला। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डीएन सिंह कार्यालय अधीक्षक शिवमोहन अग्निहोत्री,मनोज दीक्षित उपस्थित रहे। (संवाद)